दिनांक: 17.09.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में आज मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेशभर के आठ हजार से ज्यादा नव चयनितों को नियुक्ति पत्र सौंपेगे। श्री शर्मा, वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से जिला मुख्यालयों पर हो रहे समारोह में नवनियुक्तों से संवाद भी करेंगे। मुख्यमंत्री आज ही मां वाउचर योजना का शुभारंभ करेंगे। इसके अलावा 21 सौ करोड़ रुपये से अधिक लागत से पीएम आवास योजना ग्रामीण के एक लाख 45 हजार लाभार्थियों को आवास स्वीकृति पत्र सौपेंगे। श्री शर्मा आज ही दस हजार तीन सौ करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली पीएम कुसुम योजना सहित एक हजार पांच सौ 28 विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम में नमस्ते योजना के लाभार्थियों को पीपीई किट भी वितरित किए जाएंगे।

000

देशभर में आज से ''स्वच्छता ही सेवा'' अभियान शुरू हुआ। दो अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान की इस वर्ष की थीम ''स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता'' रखी गई है। इस अवसर पर केंद्र सरकार के सभी मंत्रालय और विभिन्न राज्य देशभर में कई गतिविधियों का आयोजन कर रहे हैं।
प्रदेश में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम हो रहे हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने झुन्झुनूं जिले में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।
इस अवसर पर श्री धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वच्छता के लिए जनभागीदारी का आह्वान देश में बदलाव का प्रतीक बन गया है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज सुबह जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने सफाई के कार्यों में श्रमदान भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सफाई अभियान देश और देश के स्वास्थ्य के लिए बहुत आवश्यक है। उन्होंने लोगों से इस अभियान में बढ चढ कर भागीदारी निभाने की अपील की। इधर, जयपुर में आकाशवाणी परिसर में स्वच्छता की शपथ ली गई। इसमें संस्थान के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया।
डीग में जिला कलेक्टर ने जलमहल परिसर में सफाई कर अभियान की शुरूआत की। उन्होंने गोपाल सागर तालाब के किनारे सफाई कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। कोटा के सियाम ऑडिटोरियम में अभियान का शुभारंभ किया गया। संभागीय आयुक्त ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। पाली में संभागीय आयुक्त ने सेल्फी प्वाइंट पर फोटो लेकर स्वच्छता का संदेश दिया। बाडमेर जिला प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत ने अहिंसा चौराहे से अभियान का आगाज किया।

000

नरेन्द्र मोदी सरकार ने तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे कर लिए हैं। इन 100 दिनों में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है इन निर्णयों ने लोगों के जीवन पर सकारात्मक असर डाला है और 2047 तक विकसित भारत के लिए एक मजबूत नींव रखी है। आज नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा मोदी सरकार ने देश की सुरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाकर सुरक्षित भारत बनाया है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आज राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने श्री मोदी को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री बागड़े ने कहा कि "विकसित भारत" का श्री मोदी का संकल्प भारत को फिर से विश्व गुरु के रूप में स्थापित करेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी प्रधानमंत्री को बधाई देते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। श्री शर्मा ने इस उपलक्ष में सांगानेर में लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई।

000

आज विश्वकर्मा जयंती है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्हांने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वे निर्माण और निर्माण क्षेत्र से जुड़े सभी कुशल और मेहनती लोगों को नमन करते हैं।

000

एशिया हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी 2024 का फाइनल मुकाबला आज भारत और चीन के बीच खेला जाएगा। चीन के उलुनब्यूर में ये मैच दोपहर बाद से शुरू होगा। भारतीय हॉकी टीम पांचवीं बार एशिया चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के लिए मैदान में उतरेगी।

000